## कार्यालय पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर।

पत्रांक–म–03 / 2023 दिनांकःफरवरी 06 ,2024

### अल्पकालिक निविदा सूचना

जनपद अम्बेडकरनगर मे वित्तीय वर्ष 2023–24 में पुलिस लाइन/पुलिस कार्यालय में 29 अनुरक्षण/विशेष मरम्मत के कार्यो को ठेकेदार के माध्यम से कराये जाने के लिए निम्नांकित कार्यो को निविदा के माध्यम से कराया जाना है।

1– पुलिस लाइन जनपद अम्बेडकरनगर के मुख्य गेट से होते हुए क्वार्टर गार्ड तक सीसी रोड के किनारे 185 मीटर यू–टाइप ड्रेन के निर्माण/मरम्मत का कार्य।

2– जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस कार्यालय के सामने बने कक्ष में एल्युमिनियम फ्रेमिंग तथा फर्श की टाइल्स मरम्मत का कार्य।

3– पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर के गोपनीय कार्यालय पर बने 03 अदद शौचालय/स्नानागार की टाइल्स व प्लम्बरिंग एवं विद्युत वायरिंग के मरम्मत का कार्य।

4– जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बने मीटिंग हाल की रंगाई/पुताई, फार–सिलिंग एवं विद्युत वायरिंग की मरम्मत का कार्य।

5– जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक के गोपनीय कार्यालय के रंगाई/पुताई का कार्य।

6– जनपद अम्बेडकरनगर में साइबर थाना, पुराने तहसील के कक्ष व बरामदे की फर्श/टाइल्स एवं बाहर के रास्ते इत्यादि के मरम्मत का कार्य।

7– जनपद अम्बेडकरनगर साइबर थाना पुराना तहसील परिसर की रंगाई–पुताई, शौचालय/स्नानागार की मरम्मत/टाइल्स, विद्युत वायरिंग व एल्युमिनियम शीट/पार्टीशन का कार्य।

8– जनपद अम्बेडकरनगर मे थाना कोतवाली अकबरपुर में बने भोजनालय कक्ष की मरम्मत एवं पुनर्उद्धार का कार्य।

अतः उपरोक्त कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांकः 13 –02–2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13 .02. 2024 को दोपहर 12:00 बजे तक पुलिस कार्यालय अम्बेडकरनगर में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 13:00 बजे निविदा खोली जायेगी, इच्छुक ठेकेदार नियमानुसार टेण्डर शुल्क रू0 50/– जमा करके पुलिस कार्यालय अम्बेडकरनगर से टेण्डर फार्म प्राप्त करके 01 प्रतिशत नकद अर्नेस्ट मनी प्रत्येक दशा में जमा करनी होगी एवं पुलिस विभाग में निर्माण कार्य को सम्पादित करने से सम्बन्धित पंजीकरण की वैध प्रति के साथ उक्त तिथि को दोपहर 12:00 बजे तक अपनी निविदा पुलिस अधीक्षक, अम्बेडकरनगर के कार्यालय में सील्ड कवर टेण्डर सहित, टेण्डर बाक्स में डाल सकते है। निविदा डालने के लिए वही ठेकेदार पात्र होगे जो पुलिस विभाग से सम्बन्धित निर्माण कार्य/विशेष मरम्मत कार्य को सम्पादित करने के लिए पंजीकृत होगें।

3– उपरोक्त कार्य हेतु प्राप्त निविदाओ में न्यूनतम/अधिकतम निविदा को स्वीकृत करने का अधिकार पुलिस अधीक्षक, अम्बेडकरनगर को होगा। प्रश्नगत प्रकरण में पुलिस अधीक्षक, अम्बेडकरनगर का निर्णय अंतिम होगा। जिस ठेकेदार द्वारा उक्त अर्नेस्ट मनी एवं पंजीकरण की वैध प्रति निविदा के साथ संलग्न नही की जायेगी उसकी निविदा पर कोई विचार किसी भी दशा मे नही किया जायेगा एवं जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकार की जायेगी उस ठेकेदार को 03 दिवस के अन्दर अनुबन्ध पत्र भरना होगा तथा उसी समय टेण्डर की सम्पूर्ण धनराशि का 10 प्रतिशत जमानत के रुप में सिक्योरिटी मनी नकद अथवा एन.एस.सी./एफ.डी. जो पुलिस अधीक्षक, अम्बेडकरनगर के पक्ष में प्लेज्ड (बन्धक) होगी, आंकिक के पास जमा करना होगा तथा जमा धनराशि के सम्बन्ध में आंकिक की लिखित रिपोर्ट के उपरान्त नियमानुसार स्टैम्प डियुटी जमा/संलग्न करने के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत होगा साथ ही ठेकेदार द्वारा टेण्डर की धनराशि से जो भी सरकारी कटौतियॉ होगी उसे भी देय होंगी।

इच्छुक ठेकेदार टेण्डर के समय उपस्थित होंगे यदि टेण्डर के समय/टेण्डर खोलते समय ठेकेदार उपस्थित नही रहेगे तो उनकी अर्नेस्टमनी सरकारी खजाने में जमा कर दी जायेगी।

06 FEB 2024

पुलिस अधीक्षक,
अम्बेडकरनगर।

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1– जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर।
2– अधिशासी अभियन्ता लो0नि0 विभाग अम्बेडकरनगर।
3– नजारत जिलाधिकारी जनपद अम्बेडकरनगर।
4– समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, अयोध्या परिक्षेत्र (अयोध्या, बाराबंकी ,अमेठी, सुलतानपुर)।
5– अध्यक्ष नगर पालिका, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर।
6– क्षेत्राधिकारी कार्यालय/भवन, जनपद अम्बेडकरनगर।
7– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एन0आई0सी0) जनपद अम्बेडरकनगर को नेट पर प्रसारण हेतु।
8– नोटिस की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9– प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन्स अम्बेडकरनगर।
10– प्रधान लिपिक/आंकिक पुलिस कार्यालय अम्बेडकरनगर।
11– प्रभारी सोशल मीडिया सेल अम्बेडकरनगर को फेसबुक ट्वीटर इत्यादि पर डालने हेतु।
12– ठेकेदार मो0 नईम, नेशनल टाकीज रोड खैराबाद सुलतानपुर।